## एक नजर में

### योग एवं श्रीमद भागवत गीता के माध्यम से ही भारत पुन: विश्व गुरुत्व को प्राप्त करेगा : स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जी महाराज



**जावद।** श्री गीता जयंती महोत्सव , गीता स्वाध्याय समिति द्वारा परम पूज्य स्वामी जी श्री श्री 1008 सुदर्शनाचार्य जी महाराज के सानिध्य में 1 दिसंबर सोमवार सायं श्री राम कृष्ण सत्संग भवन जावद पर मनाया गया इस अवसर पर स्वामी जी श्रीसुदर्शनाचार्य जी महाराज ने कहा की आज हमारा देश दो आयामो पर आगे बड रहा है पहला योग जिसे 221 से अधिक देशों ने वरियता दी है ओर दुसरा है श्रीमद भगवत गीता जो एक मात्र ऐसा ग्रंथ है जिसे लिखा नहीं परम ब्रह्म भगवान के द्वारा गाया गया है श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ पर सबसे ज्यादा रिसर्च की जाती है और यही दोनों आयाम ही हमारे देश को पुन: विश्व गुरुत्व प्रदान करा सकते हैं और हमारी सरकार भी इन्हीं दोनों आयामो को प्राथमिकता से आगे बढ़ा रही है श्रीमद् भागवत गीता ने ही हमें सिखाया है कि 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' अर्थात हे मनुष्य तेरा अधिकार केवल कर्म पर है फल पर नहीं स्वामी जी के आशीर्वचन के साथ ही वरिष्ठ अभिभाषक श्री जगदीश शर्मा द्वारा भी गीता ग्रंथ पर अपना उदबोधन दिया गया इम अवसर पर गीता स्वाध्याय समिति की सभी माताए बहने एवं धर्म प्रेमी जन उपस्थित थे साथ ही गीता स्वाध्याय समिति द्वारा सभी सदस्यों को स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जा महाराज के कल कमलो द्वारा श्रीमद भगवत गीता द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### श्री णमोकार महामंत्र जाप 4 को

**नीमच।** प पु आचार्य देव श्री निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, शांत क्रांत गच्छाधिपति प पु आचार्य देव श्री विजयराज जी महाराज साहब एवं राष्ट्र संत कमलमुनिजी कमलेश महाराज साहब के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा प्रति पुर्णिमा को आयोजित किये जाने वाले सर्वाधि व्याधि विनाशक सुख शांति समृद्धि आरोग्य प्रदायक श्री णमोकार महामंत्र के जाप दिनांक 4 दिसंबर 2025 गुरुवार को श्री वैभव सुख धाम नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर विकास नगर 14 4 नीमच पर सांय 7 से 8 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

### सीआरपीएफ आरटीसी द्वारा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. नरेंद्र कुमावत को किया सम्मानित



**नीमच।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले सीआरपीएफ आरटीसी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भर्ती प्रशिक्षण केंद्र ने नीमच के चंद्रबाला एडवांस फिजियोथेरेपी क्लिनिक के डॉ. नरेंद्र कुमावत (फिजियोथैरेपिस्ट) को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रशस्ति प्रमाण-पत्र करते हुवे सम्मानित किया। सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ले रहे जवानों और कमांडो को स्वास्थ्य लाभ देने पर ब्रिगेडियर अनमोल सूद, डीआईजीपी, प्रिंसिपल, आरटीसी नीमच, श्री छोटन ठाकुर, कमांडेंट, श्री पवन कुमार गौतम, डिप्टी कमांडेंट द्वारा डॉ. नरेंद्र कुमावत (फीजियोथैरेपिस्ट) को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सीआरपीएफ में लम्बे अरसे से ट्रेनिंग ले रहे जवानों एवं कमांडो को नगर में चंद्रबाला एडवांस फिजियोथेरेपी क्लिनिक के डॉ. नरेंद्र कुमावत (फिजियोथैरेपिस्ट) को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया। डॉ. कुमावत ने ट्रेनिंग के दौरान लगने वाली चोट निवारण प्रबंधन पर फिजिकल विंग स्टाफ और प्रशिक्षुओं को ज्ञान और विशेषज्ञता पर समय-समय पर ब्रिफिंग की व्यवस्था की थी। इस संबंध में डॉ. कुमावत की विशेषज्ञता और विषय के ज्ञान की सभी ने सराहना की।

### ऑपरेशन मुस्कान... वर्षों से लापता किशोरियों की सुरक्षित घर वापसी से लौट रहीं परिजनों की मुस्कान



**नीमच।** अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी हेतु पुलिस महानिदेशक महोदय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में दिनांक 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक 'विशेष ऑपरेशन मुस्कान' अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी एवं परिजनों से मिलवाया जाकर परिजनों में मुस्कान लाने हेतु मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है।

### जिले में नवम्बर माह में 36 हजार से अधिक पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान किया

**नीमच।** नीमच मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार आगामी पांच वर्षों के प्रदेश का दुग्ध उत्पादन दो दुना करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ नीमच जिले में भी कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ.अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. राजेश पाटीदार ने बताया, कि 25 नम्बवर तक 34694 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान किया जा चुका, जिसमें से 4720 सेक्स सार्टेड सीमन का उपयोग किया गया है। सेक्स सार्टेड सीमन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा जिले की सभी पशु चिकित्सा विभाग की संस्थाओं, गौसेवक, मैत्री तथा दुग्ध संघ के कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है जिसका पशुपालक लाभ ले सकते है।

### पशुओं के कान पर टेग लगवाएँ

**नीमच।** राष्ट्रव्यापी पशु रोग नियंत्रण कार्यकम तथा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम भारत पशुधन पोर्टल पर पशुओं के कान में लगे बारह अंक के टेग के आधार पर की जाती है जो उस युनिक पहचान नम्बर है। यह पोर्टल पशु को दी गई समस्त सेवाओं को सुरक्षित रखता है तथा समय-समय इसे देखा जा सकता है तथा भविष्य के सन्दर्भ में उपयोग किया जा सकता है। उपसंचालक डॉ.राजेश कुमार पाटीदार ने बताया, कि मध्यप्रदेश शासन के नवीनतम निर्देशों के अनुसार प्रदेश के प्रत्येक पशु के कान पर टेग लगा होना आवश्यक है यदि पशु के कान में पूर्व से टेग लगाया और गुम गया या टूट गया है या नम्बर अपठनीय है तो उनके स्थान पर नवीन टेग लगवाए। इस हेतु विभागीय कर्मचारी, गौसेवक मैत्री पशुपालक के घर आएगें और पशुओं के टेग लगाने का कार्य करेगें।

# जीवन सिंह शेरपुर ने नीमच में भरी हुंकार, उमड़ा जनसैलाब

- 21 दिसंबर को हरदा में होगा विशाल जन क्रांति न्याय आंदोलन, सरकार से 21 सूत्रीय मांगों की उठी आवाज




**नीमच। करणी सेना परिवार प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में निकाली जा रही जन क्रांति न्याय यात्रा मंगलवार को नीमच पहुँची, जहाँ विभिन्न स्थानों पर यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह यात्रा अब तक प्रदेश के 30 से 32 जिलों में संपन्न हो चुकी है और वर्तमान में अपने तीसरे चरण में है।**

जिले में प्रवेश के साथ ही बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। दोपहर 1 बजे शेरपुर का काफिला नीमच पहुँचा, जहाँ उन्होंने सबसे पहले ग्वालटोली स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वर्गीय खुमान सिंह शिवाजी, महर्षि वाल्मीकि और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर टाउन हॉल में आयोजित विशाल जनसभा में पहुँचे। यहाँ जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह रूपपुरा के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ किसी एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज के हक़ और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि करणी सेना परिवार की यह यात्रा 21 सूत्रीय मांगों पर आधारित है, जिसमें प्रमुख रूप से हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, ईडब्ल्यूएस सरलीकरण, आर्थिक आधार पर आरक्षण, एससी /एसटी एक्ट के दुरुपयोग पर रोक, किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों से जुड़े मुद्दों का समाधान शामिल हैं।

शेरपुर ने कहा कि जिनकी वार्षिक आय 8 लाख से अधिक है, उन्हें आरक्षण से बाहर किया जाए और सभी वर्गों में क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू हो। साथ ही सामान्य और पिछड़े वर्ग की सुरक्षा के लिए एससी /एसटी एक्ट की तर्ज पर नया कानून बनाने की भी मांग की। यात्रा के दौरान उन्होंने देवास और हरदा में दर्ज कथित झूठे प्रकरण वापस लेने, फसल नुकसान पर बेहतर मुआवजा, स्मार्ट मीटरों पर प्रतिबंध, बिजली बिलों में समायोजन, भर्ती प्रक्रिया में सुधार, बेरोजगारी भत्ता, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, गोशाला प्रबंधन में सुधार, सैनिकों को 10% आरक्षण और मीडिया कर्मियों के संरक्षण जैसी कई जनहितकारी मांगें भी रखीं। शेरपुर ने लोगों से आगामी 21 दिसंबर को हरदा में आयोजित विशाल जन क्रांति न्याय आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सर्व समाज की ताकत प्रदर्शित करने की अपील की। यात्रा के नीमच में प्रवेश से लेकर टाउन हॉल तक सड़कों पर लोगों का उत्साह, पुष्प वर्षा, स्वागत मंच और नारेबाजी के बीच काफिला जन समर्थन के साथ आगे बढ़ता रहा। वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

## विश्वकर्मा राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित विश्व मृदा दिवस पर भोपाल में मिलेगा सम्मान

- देर रात तक नगर में निकला चल समारोह, अखाड़ा प्रदर्शन व सम्मान समारोह ने बांधा समां

**नीमच।** पुनर्योजी कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्राम भाटखेड़ी, जिला नीमच के प्रगतिशील किसान एवं बैंबू मैन श्री कमलाशंकर विश्वकर्मा का चयन प्रतिष्ठित 'प्रो. रत्तन लाल अवॉर्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन रिजनरेटिव एग्रीकल्चर - 2025' के अंतर्गत 'प्रोग्रेसिव रिजनरेटिव फार्मर (इंडिविजुअल)' श्रेणी के लिए किया गया है।

यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्टक्र) कृषि मंत्रालय के अधीन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सॉइल साइंस , भोपाल तथा अंतरराष्ट्रीय संस्था सॉलिडैरिडैड द्वारा संयुक्त रूप से दिया जाता है। पुरस्कार वितरण समारोह 5 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को भोपाल स्थित होटल मैरियट में आयोजित होगा, जिसमें श्री विश्वकर्मा को विशिष्ट अतिथि के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मृदा स्वास्थ्य सुधार, जैविक एवं रिजनरेटिव खेती की उन्नत तकनीकों को अपनाने तथा क्षेत्र के अन्य किसानों के बीच इनके सफल प्रसार के लिए प्रदान किया जा रहा है।

विश्वकर्मा कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं सॉलिडैरिडैड संस्था के साथ जुड़कर विगत तीन वर्षों से पुनर्योजी कृषि का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने इस चयन को क्षेत्र के सभी किसानों और सहयोगी संस्थाओं की सामूहिक उपलब्धि बताया है तथा भविष्य में भी मिट्टी की उर्वरता संरक्षण, जल-संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल खेती की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया है।



### राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस महाविद्यालय में मनाया

**नीमच।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में आज दिनांक 2 दिसम्बर 2025 को प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा सर के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस महाविद्यालय में मनाया गया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार लक्षकार ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर बताया की प्रदूषण के विभिन्न प्रकार के हो सकते है द्य हवा, पानी और मिट्टी आदि को अवांछित खनन, औद्योगीकरण, कार्सिनोजेनिक रसायन इत्यादि द्वारा प्रदूषण को उच्चतम स्तर पर पहुचा दिया गया है।

## शव लेकर पहुँचे कलेक्ट्रेट परिजन

- आरोपी पर कार्रवाई ओर आर्थिक सहायता की उठी मांग





**नीमच।** हरवार- फोफलिया मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल रेखा सेन की मंगलवार तड़के मौत के बाद परिजन, ग्रामीण और समाजजन भारी संख्या में रेखा का शव लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी कार चालक पर कठोर कार्रवाई, पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता और उचित मुआवज़ा देने की मांग की।

परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी दोनों की मौत से परिवार पूरी तरह उजड़ गया है। मृतक कारूलाल और रेखा के छोटे बेटे रोहित और चेतन ब पूर्ण अनाथ हो चुके हैं और आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है।

ज्ञापन में प्रमुख माँगें रखी गईं बड़े पुत्र रोहित को पशु चिकित्सा विभाग में स्थाई नियुक्ति, छोटे पुत्र चेतन की शिक्षा व भरण-पोषण हेतु सरकारी सहायता, आरोपी कार चालक पर कड़ी कार्रवाई, परिवार को उचित मुआवज़ा दिया जाए।

**भीषण हादसे में 20 दिन में पति-पत्नी दोनों की मौत**

बिसलवास सोनगरा निवासी कारूलाल सेन अपनी पत्नी रेखा बाई के साथ 11 नवंबर की रात बाइक से घर लौट रहे थे। हरवार-फोफलिया मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार वेन्यू कार (आरजे 35 सीए 4477) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।कार चालक बलराम पिता राजेश पाटीदार, निवासी पानमोड़ी (राजस्थान), कथित रूप से लापरवाही से कार चला रहा था। टक्कर इतनी भयंकर थी कि दंपती करीब 30 मीटर तक घसीटते चले गए।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई - 55 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनसुनवाई की। उन्होने जावद निवासी दोनो पैरों से चलने में असमर्थ बी.सी.ए.उत्तीर्ण दिव्यांग पंकज बोहरा को कम्प्यूटर से संबंधित स्वरोजगार के लिए रेडक्रास नीमच से लैपटाप क्रय करने हेतु सहायता राशि स्वीकृत की है। साथ ही पंकज बोहरा को एम.पी.ऑनलाईन का कार्य करने के लिए एम.पी.ऑनलाईन का पंजीयन करवाकर, पंजीयन पत्र तत्काल जारी करने के निर्देश भी कलेक्टर ने ई-गर्वेनेंस जिला प्रबंधक को दिए है। कम्प्यूटर संचालन में दक्ष दिव्यांग पंकज बोहरा कलेक्टर से जनसुनवाई में मिली इस मदद से अपना स्वयं का एम.पी.ऑनलाईन का कार्य कर, आत्मनिर्भर बन सकेगा और अपना व अपने परिवार का अच्छे से गुजर बसर कर सकेगा।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में कनावटी के हरिओम पाटीदार के आवेदन पर जेल के पास कनावटी की गाडोलिया बस्ती में मुख्य सड़क के दोनो ओर किए गये अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश भी तहसीलदार नीमच शहर को दिए है।

जनसुनवाई में 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में इंद्रा नगर नीमच के माणकचंद, नयागांव के राजू धाकड़, गुजरखेडी तालाब के दिनेश धाकड, नीमच सिटी के जगदीश खरारे, किशनपुरा के कमलेश, बिसलवास खुर्द के जानकीलाल, सुरजमल, नीमच के शंकरलाल, धनेरियाकलां की ममता बाई, जवाहर नगर नीमच के रमेशचंद्र, नीमच की परवीन बी, गिरदौडा के रूपचंद्र, अठाना की गुड्डीबाई, जनकपुर के सुभाष पाटीदार, मनासा के राधेश्याम ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## जिले के कई हितग्राहियों की ई-केवायसी अधूरी, बंद हो सकता है राशन..!

**नीमच (निप्र)।** जिले में अब भी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत राशन प्राप्त करने वाले 8 हजार ऐसे हितग्राही है जिन्होंने अब तक ई केवाईसी नहीं कराई है। सरकार जून से इन्हें राहत देते हुए आ रही हैं, लेकिन छह माह बाद भी करीब हजारों उपभोक्ताओं ने ई केवाईसी नहीं करवाई, इनका भी आगामी माह में राशन बंद हो सकता हैं।

जिले के करीब 5 लाख 88 हजार हितग्राही है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत राशन में गेहूं, चावल, शक्कर, नमक उचित मूल्य की दुकान से प्राप्त कर रहे हैं। इनमें से 8 हजार हितग्राही अब भी ऐसे बचे हुए है जिन्होंने आज तक ई-केवाईसी नहीं करवाया हैं। सरकार छह माह से इन्हे ई केवाईसी कराने के लिए अवसर दे रही हैं, लेकिन जिन्होंने अब भी ईकेवाईसी नहीं करवाया, उनका आगामी माह में सरकार राशन बंद कर सकती हैं।

साल की शुरुआत में जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत कार्डधारी 35 हजार से अधिक उपभोक्ता थे, जिनकी ई केवाईसी नहीं थी। जिले में 28 हजार उपभोक्ताओं की ऑफ लाइन इंट्री हो चुकी है। शेष 8 हजार उपभोक्ताओं की केवायसी होना है। जिन्होंने ई केवाईसी करवा ली, अब उन हितग्राहियों को राशन का लाभ मिल रहा हैं। अब तक जिन्होंने ई केवायसी नहीं करवाई, उनसे छह माह से हितग्राहियों से ई केवाईसी के लिए विभागीय अधिकारी के साथ ही दुकान संचालक आग्रह कर रहे हैं।




## दुग्ध समृद्धि अभियान प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग, मैत्री व कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने और पंचायत स्तर पर पशुपालन सेवाओं को मजबूत करने की मांग को लेकर जिले के मैत्री और कृत्रिम गर्भाधान (ढ्ढ) कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दुग्ध उत्पादन को दुगुना करने का लक्ष्य रखा है, लेकिन इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विभागीय तंत्र को सुदृढ़ करना बेहद जरूरी है। इसी दिशा में मैत्री कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण, प्राथमिक उपचार और दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान जैसे महत्वपूर्ण कार्य लगातार कर रहे हैं।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में उन्हें प्रति परिवार 5 रुपये प्रोत्साहन राशि देने का आश्वासन दिया गया था, जो किए गए कार्य और समय की तुलना में बेहद कम है। प्रथम चरण में परिवारों की संख्या कम थी, जबकि द्वितीय चरण में उन्हें दोगुने से अधिक परिवारों तक पहुंचना है। ऐसे में वर्तमान प्रोत्साहन राशि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करना संभव नहीं है।

**एक नजर** | सांकेतिक अर्थी लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी

## अक्षय क्रेडिट सोसायटी के खिलाफ उग्र विरोध




**नीमच।** अक्षय क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के खिलाफ वर्षों से न्याय की मांग कर रहे पीड़ितों का आंदोलन मंगलवार को आठवें दिन और भी उग्र हो गया। कलेक्टर कार्यालय परिसर में सहकारिता विभाग की सांकेतिक अर्थी निकालकर प्रदर्शनकारियों ने विभागीय लापरवाही के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी की। राम नाम सत्य है के नारों के साथ किया गया यह अनोखा विरोध प्रशासन का ध्यान खींचने में सफल रहा, वहीं इस दौरान अधिकारियों और पीड़ितों के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। प्रदर्शन रोकने की बात पर आक्रोशित पीड़ित सांकेतिक अर्थी लेकर परिसर में ही बैठ गए। उनका कहना था कि सहकारिता विभाग पिछले कई वर्षों से उनकी शिकायतों पर किसी भी तरह की प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाया है।

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम संजीव साहू मौके पर पहुंचे और आंदोलन की अनुमति के बारे में पूछा, लेकिन प्रदर्शनकारियों के पास अनुमति पत्र नहीं होने पर प्रशासन सख्त हो गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में प्रदर्शन समाप्त करवाया और हल्का बल प्रयोग करके दो से तीन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।पीड़ित प्रतिनिधि विकास बांगा ने बताया कि अक्षय क्रेडिट सोसायटी वर्ष 2024 से पीड़ितों के साथ आर्थिक, मानसिक और सामाजिक शोषण कर रही है। कई शिकायतों के बावजूद सहकारिता विभाग ने न तो जांच शुरू की और न ही अवैध गतिविधियों पर कोई कार्रवाई की। पीड़ितों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई उच्च अधिकारियों को भी शिकायतें भेजीं, लेकिन हर बार प्रकरण सहकारिता विभाग को ही भेज दिया गया, जहां वह ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।